यह ४५ आदमियों की जो कमेटी है इसको आप हफ्ते-हफ्ते बुलाया करो। और ऐडमिनिस्ट्रेटिव इन्स्ट्रक्शंस जारी करो वहां की गवर्नमेंट को कि यह जो एम० पीज० हैं यह अगर वहां कहीं जाना चाहें तो ले जा कर दिखाएं, लोगों की तकलीफें जिस में वह देख सकें। उनको आप कहें कि एम० पीज० मौके पर जाते हैं तो उनको कोआपरेशन दें, उन को जगह-जगह ले जायें ताकि लोगों की बात को हम सुनें। दूसरे मेरे भाई जो ४५ में से ३० और एम० पीज० हैं अगर वह मौका देखना चाहें, वह आयें तो वह ३० एम० पी० भी वैसे ही हैं। जैसे हरयाना विधान सभा के मेम्बर। उसी तरह से वह सारे के सारे जायं। उनको वहां की सरकार पूरा कोआपरेशन दे। ट्रांसपोर्ट उन को दे सारी सहूलियत दे। इन छः महीनों में मैं यह चाहूंगा कि आप पुलिस के रहम पर और बड़े-बड़े अफसरान के रहम पर उनको मत छोड़िए। अगर यह बात उनके दिमाग पर आ गई तो वह यही समझेंगे कि इस राष्ट्रपति राज से तो वीरेन्द्र सिंह ही अच्छा था। और अगर वीरेन्द्र सिंह से अच्छा काम किया, वहां जा कर गरीबों से पूछा कि तुम्हारी क्या तकलीफ है, मास्टरों से पूछा, हरिजनों से पूछा तो मैं सिफारिश करूंगा कि छः महीने के बजाये आप दो साल इसे करो। इस हरयाने की सफाई करो। हरयाने में एक गन्द

आ गई है जो सारे देश को खराब करेगी। हरयाने का नाम इन लोगों ने बदनाम किया है और सारे हिन्दुस्तान का नाम बदनाम किया है, इसलिए इस की अच्छी तरह से सफाई करो। मैं चाहूंगा कि आप इसमें ज्यादा से ज्यादा इन्टरेस्ट लो। इन शब्दों के साथ चेयरमैन साहब, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने मुझे मौका दिया।

**श्री श्रीचन्द गोयल** (चण्डीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, चौधरी रणधीर सिंह एक काबिल वकील होते हुए भी जब भी कभी कोई बिल आये या और किसी सम्बन्ध में हो, उन्होंने हमेशा एक ही बीन से एक ही सुर बजाना सीखा है। उनके भाषण से ऐसा नहीं पता लगता है कि वह राष्ट्रपति के भाषण पर बोल रहे हैं या बजट पर बोल रहे हैं या किसी बिल पर बोल रहे हैं या किसी और मसले पर बोल रहे हैं। हरयाना के संबंध में बोलते हुए खास तौर पर अपने वजीरों की तारीफ करना, भाट और डोम की तरह उनकी चाटुकारी करना, बस यही एक तरीका उन्होंनें अपनाया है। यही बातें वह हमेशा करते हैं। कोई तथ्यों के आधार पर, दलीलों की बुनियाद पर अपना केस सदन के सामने रखने का कष्ट कभी नहीं करते। उन्होंने इस बात का भी विचार नहीं किया कि जिस बिल पर हम इस वक्त विचार कर रहे हैं उस का कहां तक स्कोप है, कितनी उस की मर्यादा है, क्या उस का अर्थ है · · · ·

**श्री कमल नयन बजाज** (वर्धा) : आप भी बिल पर बोल रहे हैं या रणधीर सिंह पर बोल रहे हैं ?

**श्री श्रीचन्द गोयल** : जहां तक इस बिल का संबंध है इस बिल के ऊपर मुझे तीन एतराज हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि दो-चार रोज हुए एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री महोदय ने यह कहा है, हमारे विधि मंत्री ने कि हरयाना में मई के अन्दर हम चुनाव कराने जा रहे हैं। उसके लिए मतदाताओं की सूची बना रहे हैं। अधिकारी उस काम के लिए नियुक्त हो गए हैं। लेकिन आज रणधीर सिंह के द्वारा यह जो सुर यहां पर अलापा जा रहा है उस से मुझे नीयत में कुछ फर्क नजर आता है कि शायद मई के महीने में चुनाव कराने का विचार नहीं रखते। कारण क्या है? एक तरफ हमारे रणधीर सिंह जी कहते हैं कि हरयाना का आदमी बड़ा समझदार है, जो दल-बदल करने वाले हैं उन को कभी समर्थन नहीं देगा, निकाल बाहर करेगा, यह दलील अगर सच है तो यह क्यों नहीं कहते कि जनता का फतवा हासिल करो ? उस के लिए कह रहे हैं कि जरा चलिए हरयाना में कुछ सरमाया लगा दीजिए, पांच दस करोड़ रुपया खर्च कर दीजिए और जो आज तक पद्धति रही है, यहां पर जो कांग्रेस का वोट हासिल करने का तरीका रहा है कि लोगों को डिस्क्रीशनरी ग्रान्ट बांट कर के वोट हासिल करते रहे हैं जिसमें इनके हरयाना के सवास्थ्य मंत्री का चुवाव हाईकोर्ट ने रद्द किया है · · · (व्यवधान) · · · श्रीमती ओम प्रभा जिन के संबंध में हाईकोर्ट ने लिखा कि उन्होंने डिस्क्रीशनरी ग्रान्ट का मतदाताओं का मत हासिल करने के लिये दुरुपयोग किया है, इसलिए उनको 6 साल के लिए डिस्क्वालीफाई कर दिया · · ·

SHRI RANDHIR SINGH : That is a pending case before the Supreme Court. So, he cannot speak about that. It is *sub judice*.

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : On a point of order. When a case is panding before the Court, how can the hon. Member talk about it ?

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : How does he know ? The Chair has no records of that.

SHRI RANDHIR SINGH : The hon. members know about it.

**श्री श्रीचन्द गोयल** : मेरे भाइयों को चिढ़ लगती है, दु:ख लगता है कि इनके माननीय मंत्रियों के संबंध में हाई कोर्ट ने इस प्रकार का निर्णय क्यों दे दिया ? इनको चिढ़ लगती है लेकिन मैं तो जो कुछ निर्णय आया है वही सदन के सामने रख रहा हूं। सब अखबारात के अंदर

यह प्रकाशित हुआ है। मैं निवेदन करूंगा कि आज इस प्रकार की जो यह स्थिति है, उसका कारण यह है कि जनता का विश्वास हासिल करना, जनता की सेवा करना, जनता में काम कर के, 'मतदान में उनका समर्थन लेना, यह शायद हमारे कांग्रेस मित्रों ने सबक नहीं सीखा। वह पुराने ढर्रे पर चलना चाहते हैं कि कुछ सरमाया लगाया, कांग्रेस की तरफ से कुछ फंड्स वहां पर लगाया, और लोगों को इस प्रकार लालच दे कर उनका मत हासिल कर लिया। मैं यह कहना चाहता हूं कि छ: महीने के अन्दर अगर मई में चुनाव कराना चाहते हैं तो कहां जरूरत थी इस कानून को लाने की ? और फिर कानून किस शकल में लाया जा रहा है ? आप जानते हैं राष्ट्रपति को जो कानून बनाने के अधिकार संविधान में दिए हैं वह बहुत मर्यादित अवस्था तक हैं। आखिर कानून बनाने का जो अधिकार है, वह इस संसद के पास है, राष्ट्रपति विशेष परिस्थितियों के अन्दर कानून बनाते हैं, लेकिन आज यहां तो लेजिस्लेचर-विद-इन-लैजिस्लेचर पद्धति की जा रही है। किया यह जा रहा है कि उसमें 30 लोक सभा के सदस्य होंगे और 15 राज्य सभा के सदस्य होंगे और इन 45 सदस्यों का एक सब-लैजिस्लेचर बनेगा, जो हरियाणा के सम्बन्ध में, अगर राष्ट्रपति उनका मशविरा लेना चाहें, तो राय देंगे और उसको लेकर फिर राष्ट्रपति कानून बना सकते हैं। चौधरी साहब समझते हैं कि 45 आदमियों की जो समिति बनी है यह शायद हरियाणा के लिए कोई डवलपमेन्ट बोर्ड बना है, विकास बोर्ड बना है, लेकिन वहां पर लोगों की क्या तकलीफें हैं, हरिजनों की क्या तकलीफ है—उन्होंने इस प्रकार उसके स्कोप को नहीं समझा। उसको कहां तक अख्तियारात होंगे—उस तक उन्होंनें अपने दिमाग को दौड़ाने की कोशिश नहीं की।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो डेलिगेटिव लैजिस्लेशन का प्रस्ताव है—संसद् को हटा कर किसी व्यक्ति को कानून बनाने का अधिकार देना—दुनिया में किसी भी जनतन्त्रीय देश में इसको पसन्द नहीं किया है। दुनिया भर की हाईकोर्टों और सुप्रीम कोर्टों के फैसले इस बात की गवाही देते हैं, इस बात का सुबूत हैं कि केवल मर्यादित हालात में, केवल किसी विशेष परिस्थिति में राष्ट्रपति को कानून बनाने का अधिकार होना चाहिए।

हरियाणा के बारे में मेरे बहुत से भाईयों ने दलीलें दीं—उन्होंने इस बात का राग अलापा कि वहां के लोग बेइमान हो गए थे, हरियाणा को उन्होंनें बदनाम कर दिया था—लेकिन आखिर इसका कोई वैधानिक तरीका है। राज्यपाल महोदय ने अपनी रिपोर्ट दी है, उसमें उन्होंनें लिखा है कि बहुमत राव वीरेन्द्र सिंह के साथ था, बहुमत एक दल के साथ होते हुए भी उनके द्वारा वहां की विधान सभा को भंग करना, वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू करना—यह जनतन्त्र की हत्या है और मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इन के द्वारा जो दलीलें दी गई हैं—चूंकि हरियाणा में बहुत बड़ी मात्रा में दल-बदल हो रहे थे, इसलिए हम नें हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू किया है। एक तरफ दल-बदल को नापसन्द करते हैं, बीमारी का इलाज करने जा रहे हैं, लेकिन उससे अगले रोज़ पंजाब में जो 16 आदमियों का दल है, जिसके १६ के के 16 सदस्य मन्त्री बन गए और जब उनको उपाध्यक्ष का चुनाव कराने की जरूरत पड़ी तो कांग्रेस को अपना व्यक्ति उधार देना पड़ा, उनके पास कोई सदस्य नहीं बचा, जिसको उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया जा सके। जहां पर यह स्थिति हो—इस प्रकार का दल कि जिसका कोई विधान नहीं, कोई कार्यक्रम नहीं, कोई नीति नहीं, जिसकी कोई जिन्दगी नहीं, एक दिन पहले दल बना और अगले दिन उनको राजगद्दी पर बैठा दिया। मेरे कांग्रेस के भाई चोर दरवाज़े से इस प्रकार दल-बदल करनेवालों का समर्थन करते हैं, उनकी पीठ थपथपाते हैं।

[श्री श्रीचन्द गोयल]

मैं कहना चाहता हूं कि आप मई के अन्दर चुनाव करायें। आज चौधरी साहब कह रहे थे कि वहां पर कोई जल्सा नहीं कर सकता, जल्सों का उन को पता नहीं है, हम रात-दिन जल्से करते हैं। हम कहते हैं कि चुनाव कराइयें, लेकिन साथ ही साथ सरकार ने घोषणा कर दी है कि वहां की नगर-पालिकाओं के चुनाव भी मार्च में होंगे। ऐसी स्थिति में मुझे सन्देह दिखाई दे रहा है कि ये मई में वहां पर चुनाव कराने जा रहे हैं। क्योंकि अगर मई में चुनाव कराना होता, तो ये नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए मार्च की तारीख तय नहीं करते। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आपको अपनी बात पर अडिग रहना चाहिए। हरियाणा के अन्दर मई में चुनाव करें, वहां की जनता अपना फतवा देगी, अगर कांग्रेस बहुमत प्राप्त करती है तो कांग्रेस शासन करेगी, यदि दूसरे दल बहुमत प्राप्त करते हैं तो दूसरे दल वहां पर शासन करेंगे। लेकिन यह नहीं हो सकता कि जब तक स्थिति ठीक नहीं होती, तब तक हम अपना घर नहीं सम्भालते, जब तक हमारे अन्दर जो फूट है, उसको ठीक नहीं करते, तब तक उसको टाला जाए, दो साल तक उस को बढ़ा दिया जाए, यह अप्रजातान्त्रिक तरीका है।

हरियाणा के गवर्नर ने अपनी रिपोर्ट में इस बात को कहा है कि हरियाणा के कांग्रेसी भाइयों नें विरोधी दल का काम जिस प्रकार से करना चाहिए था, उस प्रकार से नहीं किया, पंजाब के गवर्नर ने भी यही रिपोर्ट दी है, आप इस बात से शिक्षा क्यों नहीं लेते और अपने सदस्यों को क्यों नहीं कहते कि वे विरोधी दल के अन्दर बैठकर अपने कर्तव्यों का पालन करना सीखें। दिल्ली के अन्दर जो नगर-निगम बना है, जो मैट्रोपालिटन कान्सिल बनी है—आजकल उसकी भी चर्चा चलाई जा रही है। हालांकि दिल्ली की जनता न स्पष्टतया बहुमत जनसंघ के पक्ष में दिया है, वहां पर दो पार्टियों के मेल की भी जरूरत नहीं पड़ी। उसको भी भंग करने की चर्चा आज कल चल रही है, क्योंकि मेरे भाई ताकत के भूखे हैं, जिन्होंनें केवल सत्ता में रहना सीखा है, जिन्होंनें विरोधी दल में बैठ कर अपने कर्त्तव्यों को निभाना आज तक नहीं सीखा। मैं उनको आज तम्बीह करना चाहूंगा कि दिल्ली के अन्दर अगर उन्होंनें इस प्रकार का कोई कदम उठाया......

**सभापति महोदय** : इस वक्त दिल्ली की बात तो नहीं हो रही है।

**श्री श्रीचन्द गोयल** : ये लोग उसके बारे में सोच रहे हैं, यहां के नगर निगम को भंग करने के बारे में इन्होंनें विचार किया है। तो मैं कहना चाहता हूं कि जैसे बंगाल इन से नहीं संभला है, उससे भी ज्यादा महंगा सौदा इनको दिल्ली में पड़ेगा, अगर इन्होंने नगर निगम को भंग करने का कोई निश्चय किया। बजाए इसके कि जनतन्त्र की दूसरों को शिक्षा दें, पहले अन्तर्मुख हो कर विचार करें और सचमुच जनतन्त्र को पनपता हुआ, फलता फूलता हुआ देखना चाहते हैं तो पहले उसके प्रारम्भिक सबक को सीखें तथा उस पर आचरण करना भी इनको सीखना होगा।

**श्री शशिभूषण बाजपेयी** (खारगोन): चेयरमैन साहब, हरियाणा दिल्ली के पड़ोस में हमेशा नुकसान उठाता आया है। जब सम्मिलित पंजाब में था, उस ज़माने में हरियाणा बहुत दबा रहा—आर्थिक तौर पर और औद्योगिक तौर पर। सामाजिक तौर पर हरियाणा में एक चेतना आई—स्वामी दयानन्द जी के द्वारा, सारा हरियाणा आर्य-समाजी हो गया, हरियाणा में बड़े-बड़े महात्मा आर्य समाज के पैदा हुए, उन्होंने बहुत प्रयत्न किया कि हरियाणा का सामाजिक उत्थान हो, लेकिन आज हरियाणा अलग है, पंजाब से जिन वजूहात से अलग हुआ, वे ज्यादा सराहनीय नहीं हैं।

सभापति महोदय, हरियाणा में आर्थिक तौर पर इतना पिछड़ापन है कि हरियाणा

आनेवाले 50 सालों तक केन्द्र से सहायता लेता रहेगा, इसलिए कि हरियाणा इतना छोटा यूनिट है कि जब उस का पंजाब के साथ विभाजन हुआ, उस वक्त यह नहीं सोचा गया कि हरियाणा किस तरह आर्थिक तौर पर आगे बढ़ेगा। कुछ भावनाओं पर, कुछ अन्दरूनी तौर पर यह सब चीजें बनीं—बड़े आन्दोलन के बाद। सभापति महोदय, जिन हालात में यह मन्त्री मंडल आया, वह हरियाणा की कितनी सेवा कर सकता था, कितनी इस के पास सत्ता थी, कितना इस के पास फाइनेन्स था, इस को भी हमें सोचना होगा। आज जो बिल हमारे सामने आया है, इस में इस में हमें खास तौर से एक बात ध्यान में रखनी होगी कि हरियाणा अपने पैरों पर खड़ा हो सके और इस के लिए उस को अधिक से अधिक सहायता देनी होगी।

जहां तक टैक्सेज़ का सवाल है, हरियाणा के लोग ज्यादा टैक्सेज़ नहीं दे सकते। यह बहुत गरीब इलाका है। हरियाणा के लोग बहुत बहादुर हैं—इसमें कोई शक नहीं, लेकिन आज भी वहां हरिजनों को फौज में भरती नहीं होने दिया जाता। वहां की जो जाट रेजिमेन्ट है, उस में हरिजनों को अभी तक भरती नहीं होने दिया जाता—यह मुनासिब बात नहीं है।

पहले यह होता रहा है कि हरियाणा से लोग जालन्धर जाते थे और वह सिक्ख लाइट इनफैंटरी में भरती हो जाते थे यह कह कर कि वह सिक्ख हो रहे हैं बाद में चाहे सिक्ख न बनें लेकिन वैसा कह कर हो जाते थे। हरियाणा का विकास सब से बड़ी बात वहां जो यह फौज में नौकरी करते हैं जो बाहर से पैसा आता है इस से सम्बन्धित है। वहां के हरिजनों को ज्यादा से ज्यादा मौक़ा मिलना चाहिए। सामाजिक तौर पर पिछड़े होने की वजह से दहिये, गठवाड़िये, भरतपुरिये यह जाटों की बिदारिरयां हैं। आज हरिजनों को बहुत नुक्सान है। आज भी हरियाणे में कुंओं पर हरिजन पानी नहीं भर सकते हैं। इस के लिए कानन जरूर है लेकिन आर्यसमाज की इतनी तरक्की के बावजूद भी हरियाणे में यह आज एक पिछड़ापन है उस को दूर करना है अगर हरियाणे को तरक्की करनी है। एक छोटा सा इलाक़ा है। वहां सब कौमों को मिला कर हरियाणे को बनाना होगा नहीं तो बना पायेंगें। हरियाणे के लोग जब वहां के व्यापारी कलकत्ते जाते हैं तो वहां अपने को मारवाड़ी कहते हैं। कम से कम कलकत्ते में हरियाणे के व्यापारियों का 200-300 करोड़ रुपया लगा हुआ है। बेरी, झज्जर के लोग जब वहां जाते हैं कलकत्ते में तो अपने को मारवाड़ी कहते हैं। जब यहां आते हैं तो अपने को पंजाबी कहते हैं। अभी तक उन का ध्यान हरियाणे की तरक्की की तरफ़ नहीं हुआ। हरियाणे के लोगों में राजनीतिक चेतना भी रही है और सन् 42 के खाद्य आन्दोलन में वहां हरिजन सब से ज्यादा तादाद में जेल में गए हैं। अगर इस देश के किसी जिले से सब से अधिक लोग जेल में गए हैं तो इस रोहतक जिले से लोग जेल में गए हैं। सारी मुलतान जेल भरी हुई थी। हरिजन भी वहां के बहादुर हैं, जाट भी बहादुर हैं और वहां पर जो तत्व हैं उन को आर्गनाइज किया जाए तो हरियाणा एक शानदार स्टेट इस देश में बन सकता है।

आज में एक बात और कहना चाहता हूं। स्वामी स्वतन्त्रतानन्द के दीनानगर पंजाब के दयानन्द मठ में मैं उन के साथ में रहा। मैं ने उन को कहा कि स्वामी जी आप पैदा तो हुए हैं हरियाणे में, यह 6-7 फुट आप का क़द है आप यहां दीनानगर में क्यों मठ बनाये हुए हैं? उन्होंने मुझ से कहा कि यह पंजाब में एक बैल्ट है जो जाटों की है। मार्शल रेस है। कहां रोहतक और कहां दीनानगर गुरुदासपुर के इलाक़े में उन्होंने मठ बनाया लेकिन आज वह पंजाब बंट गया और वह जाटों में विभाजन आया। पाकिस्तान के किनारे पर एक बहादुर स्टेट को, मजबूत स्टेट होना चाहिए था लेकिन जो कुछ भी हुआ, आज तो देर हो गयी

इस बात को लेकिन एक बात में आज कहे देता हूं कि 10 साल में, 15 साल में, 20 साल में यह पंजाब फिर एक हो और फिर आग भड़केगी क्योंकि उस को कोई विभाजित नहीं करता । स्वामी स्वतन्त्रतानन्द की बात मुझे याद है वह जरूर पूरी होगी ।

जहां यह कहा गया कि फरवरी में चुनाव यहं हो मैं उस से पूर्णतया सहमत हूं, चुनाव बहुत जल्द होना चाहिए । हरियाणा के लोगों के मन में राजनैतिक चेतना है । पिछली बार कुछ भावना भड़का कर हिन्दी के नाम पर लोकतंत्र के हिन्दी के सब से बड़े जो नेता थे हिन्दी आन्दोलन के वह हमारे यहां के एजुकेशन मिनिस्टर हैं । आधे लाख आदमी हिन्दी के लिए हरियाणा जेल में लेकर गये । वह आज हमारे मिनिस्टर हैं । वह हिन्दी के नाम पर गाय के नाम पर और दूसरी चीजों के ऊपर वहां लोगों से वोट लेने की जो बात हुई है इस इलैक्शन में आर्थिक तरक्की के लिए जो पार्टी प्रोग्राम देगी वह आ सकेगी और आज जितना हरियाणे के लोगों को यह अहसास हो रहा है कि पंजाब के वंटने के बाद भी आज वह तरक्की नहीं कर पाये तो आज वह यह सीधी-सादी बात सामने रखते हैं । जो आर्थिक तरक्की का प्लान उन के सामने लायेगी उस को हम वोट देंगे । यह आज मौक़ा है जनता के सामने कि यह जो चुनाव है इसे जल्दी लाना है, ज्यादा देर गवर्नर रूल नहीं रखना चाहिए । मैं इस बात से सहमत हूं । मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि यह जो बिल आया है उस को मैं सपोर्ट करता हूं ।

**श्री महाराज सिंह भारती (मेरठ) :** सभापति महोदय, हरियाणा एक छोटा-सा प्रदेश है । उस बेचारे का न तो कोई पावर हाउस है और न कोई उस में बांध है । वह अपनी बिजली और सिंचाई दोनों के लिए अपने चारों तरफ़ के सूबों की तरफ़ देखता है । मैं चाहूंगा कि जिस तरीके से एक नेशनल ग्रिड बनाने की बात चल रही है, जो थोड़ा-सा टाइम एलैक्शन से पहले दो, चार दिन का, दिल्ली की सरकार को मिला है, उस में उन का जो बिजली वाला ग्रिड है वह आस-पड़ोस के सब प्रदेशों से मिल कर, चूंकि उन का वहां कोई पावर हाउस नहीं है, बिजली का इंतज़ाम कर दिया जाय । साथ में जो उन का बजट अब पेश होने वाला है अगले सैशन में, 57 करोड़ के लगभग बतलाया गया है, मैं चाहूंगा कि उस बजट में 1 करोड़ रुपया किसाऊ बांध के लिए भी रक्खा जाय जिस बांध के साथ हरियाणा की जिंदगी नत्थी है, उस की सिंचाई नत्थी है । हरियाणे के लिये कैसे उस की आर्थिक प्रगति हो, कहां से पानी आये, कहां से बिजली आये, जब तक वह जिम्मेदारी वह सरकार उठा रही है तब तक उसे उस जिम्मेदारी को पूरे तरीक़े से निभाना चाहिए ।

श्रीमान्, जल्दी में इसलिए करवाना चाहता हूं कि जिस दिन चुनाव होगा और उस के बाद उस का नतीजा आयेगा तो बहुत-से लोग कपड़े फाड़ेंगे क्योंकि इस देश में एक बढ़िया राजनीति चली है कि किसी सिद्धांत हीन पार्टी को जिंदा नहीं रहना चाहिए । जनता समझ गयी है और इसलिए उस ने कांग्रेस को हराओ और देश बचाओ का नारा लगाया । इंग्लैंड में जिस तरीक़े से लिबरल पार्टी एक शानदार पार्टी थी लेकिन सिद्धांतहीन होने के नाते जब वहां की जनता बालिग़ हुई तो उस के बाद वह अपोज़ीशन पार्टी नहीं बन पाई, बिलकुल उसी तरीक़े से इस देश के अन्दर पूंजीवाद और समाजवादी शक्तियों में लड़ाई होगी तो यह बीच में कांग्रेस जैसी सिद्धांतहीन, लिबरल पार्टियों जैसी पार्टियां लिक्विडेट हो जायेंगी । उन का कोई ताल्लुक नहीं रहेगा और इतिहास में महज़ यह लिख दिया जायेगा कि वह बड़े अच्छे थे बाक़ी जैसा मैं ने कहा एलैक्शन का नतीजा आने के बाद लोग अपने कपड़े फाड़ेंगे । उस के बाद यही लोग कहेंगे कि चूंकि अब की बार हमारी वहां सरकार नहीं बनी है इसलिए वहां के लिए अब केन्द्र से कम सहायता दी जाय । जितनी जल्दी यह काम हो जाय रणधीर सिंह

उतना ही अच्छा है नहीं तो तुम भी पछताओगे और हम भी पछताएंगे।

एक बात की तरफ़ मैं ध्यान खींचना चाहता हूं और वह यह कि हरियाणा बहुत छोटा प्रदेश है। केवल 9 एम० पीज० वाला यह हरियाणा प्रान्त है जोकि इतना छोटा है और इस के मुकाबले जब मैं अपने सूबे को देखता हूं, उत्तरप्रदेश को, वह हमारा प्रदेश 80-85 एम० पीज० वाला इतना बड़ा सूबा है कि जिसका इंतज़ाम कभी हो ही नहीं सकेगा। अब चूंकि कोई भावना तो हमारे पास है नहीं, हम भाषा का नारा लगायें कोई नारा लगायें, हम 80-85 एम० पीज० को एक जगह बंधा ही रहना पड़ेगा। सवा, सवा लाख वोटर हैं एक, एक क्षेत्र में। हरियाणा में 80 एम० एल० एज० हैं। अगर हरियाणा थोड़ा उत्तर प्रदेश में मिला दिया जाय तो उन की संख्या घट कर 40 रह जायेगी। हमारे हिसाब से जो छूट जायेंगे उतने से हरियाणा कभी एकोनामिकल नहीं हो सकेगा। कभी चल नहीं सकेगा। श्री रणधीर सिंह ने और दूसरे लोगों ने जान-बूझ कर यह नहीं कहना चाहा। हरियाणे के लोग नहीं चाहते कि वह अकेले रह जायें। वह किस के साथ मिलना चाहते हैं। उस की चर्चा वह नहीं करना चाहते थे कि वह मिलना चाहते हैं तो उस काम में केन्द्रीय सरकार को क़दम उठाना चाहिए। जहां तक मेरे कहने का सवाल है कि उन्हें किस के साथ मिलना चाहिए तो जो उन के खरीददार हैं माल के उस के साथ मिल जायें तो कहीं ज्यादा अच्छा है। राजस्थान के साथ मिल कर क्या करेंगे? हरियाणे का कोई व्यक्ति राजस्थान के साथ मिलना नहीं चाहता। अरे भाई, हरियाणे वाला तो जिस को अपनी सब्ज़ी बेचता है, जिसको वह अपना दूध बेचता है और जिस को वह अपनी लेवर बेचता है और जिसके कि साथ उस का सम्बन्ध जुड़ा हुआ है उस से वह मिलना चाहेगा। उसे दिल्ली के साथ आप मिलाइये। दिल्ली के साथ मिलाने से नतीजा निकलेगा और फ़िर खरीददार और पैदावार करने वाले दोनों एक हो जायेंगे। फिर यह सवाल पैदा नहीं होगा कि कल को दूध मिलेगा या नहीं और मिलेगा तो वह कैसा मिलेगा? एक दिल्ली के ऊपर मोरेल जिम्मेदारी आजायेगी और दोनों मिल कर एक आर्थिक इकाई हो जायेंगे। जहां तक मेरठ का सवाल है अगर मेरठ को दिल्ली में मिलाना चाहें तो वह इस के लिए 100 फीसदी तैयार है लेकिन अलग नहीं और विशाल हरियाणा में जोड़ कर दिल्ली हरियाणे के साथ हम नहीं मिलना चाहेंगे। दिल्ली के साथ हम मिलने को तैयार हैं, हरियाणा मिले या न मिले। उत्तर प्रदेश का मेरठ का इलाक़ा तो दिल्ली के साथ मिलने के लिए तैयार है लेकिन हमें तो कोई मिलावेगा नहीं।. हम तो जैसे फंसे हुए हैं, फंसे हुए हैं लेकिन हरियाणा की विशेष परिस्थि-स्थिति को देखते हुए....

**श्री अमृत नाहाटा** (बाड़मेर) : दिल्ली का आधा दूध बीकानेर से आता है।

**श्री महाराज सिंह भारती** : बीकानेर को भी दिल्ली में मिला लो, क्यों झगड़ा कर रहे हो। ऐसा भी अगर हो जाए तो मुझ से ज्यादा खुश कोई दूसरा नहीं होगा। जिन्दगी भर एक सूबे को अपाहिज की शक्ल में न रखा जाए। आखिर कब तक आप उसको चम्मच से दूध पिलाते रहेंगे और उसको जिन्दा रखेंगे। बहुत बड़ा पाप हो जाएगा। सुन्दर लोगों को अपाहिज बना कर न रखो। लोक सभा की यह बदकिस्मती है कि हरियाणा की उस पर जिम्मेदारी आ पड़ी है। मैं खुश नहीं हूं। बहुमत की सरकार को तोड़ने के बाद राष्ट्रपति को सलाह देने के लिए उस कमेटी में हम जायें यह शर्म की बात है। इसका जवाब हरियाणा वाले देंगे उस वक्त उन्हें मौका मिलेगा। तब वे बता देंगे कि क्या ठीक है और क्या ठीक नहीं है। जब तक जिम्मेदारी हमारे ऊपर है तब तक हमारा फर्ज़ है कि ऐसा सूबा जिस के अन्दर पावर हाउस नहीं

है, बांध नहीं है, जिस के लिए पीने का पानी बाहर से आएगा, बिजली बाहर से आएगी कच्चा माल बाहर से, लोहा बाहर से, सारी चीजें बाहर से आयेंगी उसको हम ठीक हालत में लायें। उस सूबे में थोड़ी-बहुत जगमगाहट दिखाई देती है तो वह उस सूबे की जगमगाहट नहीं है जैसे गाजियाबाद की जगमगाहट उत्तर प्रदेश की जगमगाहट नहीं है वह दिल्ली की जगमगाहट है उसी तरह से उसकी जगमगाहट अपनी नहीं है दिल्ली की जगमगाहट है। फरीदाबाद का जो इलाका दिल्ली के साथ लगा हुआ है उसकी जगमगाहट को देख कर आप यह न समझें कि यह हरियाणा की जगमगाहट है बल्कि वह दिल्ली की जगमगाहट है। अगर आपने हरियाणा की जगमगाहट को देखना हो तो हिसार में जा कर देखो। लोग सभा को महसूस करना चाहिये कि वह सूबा किस कद्र हमारी मदद की जरूरत महसूस करता है और उसकी मदद हमको करनी जाहिये। जो थोड़ा-सा समय मिला है उसमें हमें साबित करना चाहिये कि हरियाणा के विकास के लिए हम सब लोग बड़े चिन्तित हैं और सही मानों में हम उनकी मदद करें। मैं आशा करता हूं कि जो डैम वाली बात मैंने कही है उसके लिए अगले बजट में रुपया रखा जाएगा और अड़ोस-पड़ोस के सूबों की जो ग्रिड है उस ग्रिड को दो तीन महीनों में हम चारों तरफ से मिला देंगे।

SHRI D. C. SHARMA (Gurdaspur): Sir, my first duty is to pay my humble tribute to Mr. B. N. Chakravarty, the Governor of Haryana, who thought boldly, acted boldly and executed his plan boldly. It is because, whatever you might say of Haryana or any other State of India, Haryana had become notorious for having become a mockery of democracy. Democracy had become there, if I may be permitted to say so, a saleable commodity. Democracy had become there a commodity which was out for sale. I have never seen democracy in such a worst form as I saw in Haryana during the last so many months. As a democrat, hang my head down in shame when I contemplate what was happening in Haryana during those days. It is, therefore, that I offer my congratulations to the Governor of Haryana for acting boldly and for saving Indian democracy.

My second point is this. Haryana has produced great men. Who says that Haryana is a backward area? If anybody says that to me, I would say to him that he does not know the history of Haryana. Haryana produced Sir Chotu Ram; if he had been alive, India would not have been divided. Haryana produced Sir Manoharlal who was the Finance Minister of Punjab at one time. Haryana produced Shri Shadilal, who was the Chief Justice of the Punjab High Court. Haryana produced Lala R. Lajpat Rai, our great leader. Haryana produced Shri Chajju Ram, a big industrialist, in whose memory a college has been started in Hissar now. Haryana produced Dr. Gopichand Bhargava, who was Chief Minister of the United Punjab. Haryana produced Pandit Thakur Das Bhargava, whom I look upon as my political guru. My political guru got nothing out of this Government and I am also not going to get anything from this Government. So, Haryana has produced great men.

Who can deny that the Haryana farmer is one of the best farmers in India? Who can deny that Haryana warriors and soldiers have been the guardians of India's unity, security and national defence?

But sometimes great things fall into unworthy hands. Those unworthy hands do not understand Haryana. My friend, Shri Shashi Bhushan was talking about Harijans. Sir, Haryana is the paradise of casteism. There are jats and even among jats there are sub-cates. No jat will go to another jat who does not belong to his *gotra*. There are *vaisyas*, who are good businessmen. Then there are some impoverished brahmins like me. Then there are the underdogs of this country, the Harijans. When shall we be able to have an amalgamation of these four communities in

[Shri D. C. Sharma]

Haryana? When shall the jats, the vaisyas, the brahmins and the harijans walk hand in hand? That is my problem.

My hon. friend opposite was saying that the days of the Congress are over. He has just come here by a freak of fate and he should not make such prophesies. To make prophesies is the function of a brahmin. Sir, Congress is the only bridge between the rich and the poor. The moment you destroy this bridge, the rich will live in their palaces and the poor will live in their huts and hovels. Therefore, it is necessary that the Congress party should be preserved and allowed to function in this country, as long as this country does not attain a sizeable per capita income.

My friend said, it will take 50 years for Haryana to develop. I repudiate this suggestion. Haryana will come into its own as long as it gets good government, good ministers, good people to run it. Haryana is not devoid of talent or of administrative skill.

Sir, I forgot to pay my compliment to Swami Swatantra Nandji Maharaj. He belongs to my constituency. I do not know how this intruder happened to go there. I do not know how he gate-crashed into that Mat. That Dayanand Mat is my Mat. It belongs to me, it belongs to my constituency. But what can I do? Shri Sashi Bhushan will go anywhere. He can even take possession of my house if he likes. Nobody can withstand him.

Therefore, I say that Haryana should be made safe for democracy, safe for good government, safe for economic development. As my hon. friend said, all those schemes should be undertaken which are necessary for the economic improvement of this State.

Some people say that Haryana and Punjab will become one Do not live in this kind of wishful thinking. Some others will say that Pakistan and India will become one. Are we to believe it? Do you mean to say that a State which has been established once will ever agree to be merged with another State? No. Haryana will go on as long as India goes on, and I will be very happy if it goes on. But I want it to live in a state of economic self-sufficiency.

My hon. friend over there said, do not do something to Delhi. What has Delhi get to do with Haryana. When my friend, Shri Randhir Singh was saying something about Delhi, he said do not touch Delhi, as if he is the master of Delhi.

SHRI SRICHAND GOEL: People have foted in our favour. Do not forget that. They have rejected you.

SHRI D. C. SHARMA: 30 lakhs of people are the masters of Delhi and not Shri Sri Chand Goel who represents only 30,000 people. Therefore, I say that Delhi has nothing to do with it. He was asking, why do you have a committee of 45 persons. My hon. friend is very new to this House and he has come from a pocket constituency. He does not know. If he had studied Patiala, Pepsu etc., he would have known (*Interruption*).

I submit, Sir, this is the pattern which we have been following in some other States where we established the President's Rule. We have always constituted a representative committee of people so that they can act as an advisory committee to the Government.

It is only for six monthhs. I do not say, as my friend suggested, that it should go on for two years. Then let there be elections after six months and let us see what happens. I am sure Haryana will definitely choose the Congress.

**17.45 hrs.**

## MESSAGES FROM RAJYA SABHA

SECRETARY: Sir, I have to report the following messages received from the Secretary of Rajya Sabha:—

(i) "In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and